रोहिणी आवासीय कालोनी, दिल्ली में नवोदय, विद्यालय

1768. **श्री सोहन लाल धूसिया:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को रोहिणी आवासीय कल्याण संघ, सेक्टर-8, नयी दिल्ली की ओर से इस आशय का कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है कि इस क्षेत्र के निवासियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए वहां नवोदय विद्यालय खोला जाए ;

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) क्या सरकार वहां निकट भविष्य में शीघ्र ही एक नवोदय विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक [illegible]

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) नए नवोदय विद्यालयों के स्थान को राज्य सरकार/संघ शासित प्रदेश उसी जिले के लिए भूमि और भवनों की पेशकश प्राप्त होने के आधार पर अन्तिम रूप दिया जाता है। सेक्टर VIII के रोहिणी निवासी कल्याण संघ से प्राप्त अभ्यावेदन दिल्ली प्रशासन के ध्यान में ला दिया गया है।

जामिया मिलिया को विश्वविद्यालय का दर्जा

1769. **श्री शमीम अहमद सिद्दकी:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जामिया मिलिया का इतिहास देश के स्वतंत्रता आन्दोलन से जुड़ा हुआ है ;

(ख) क्या सरकार जामिया मिलिया को एक पूर्ण विश्वविद्यालय का दर्जा देने का विचार रखती है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में कब तक निर्णय लिये जाने की संभावना है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही): (क) 1920 में, खिलाफत तथा असहयोग आन्दोलन के दौरान स्थापित जामिया मिलिया इस्लामिया को स्वतंत्रता आन्दोलन से सम्बद्ध कुछ राष्ट्रीय नेताओं का सहयोग प्राप्त हुआ था।

(ख) और (ग) इस प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है।

Antiques and art object from Tamil Nadu for exhibition abroad

1770. **SHRI M. VINCENT:** Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what are the details of various breakages and damages to antiques and art objects which have been sent out from Tamil Nadu for exhibitions outside India during 1986; and

(b) whether there is a proposal to send out of India certain antiques and paintings from Tanjore Saraswati Mahal even though Government are aware that the invaluable antiques are being reduced to scraps in mishandling and if so, what are the justifications for sending these antiques and art object out of the country with such risk?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRIMATI KRISHNA SAHI): (a) There has been no damage to any art object from Tamil Nadu sent for the Festival of India exhibitions held in U.S.A. and France.

(b) Two Tanjore paintings from Saraswati Mahal Library have been identified for the exhibition on "South Indian Paintings of Tanjore and Mysore Schools" to be held in U.S.S.R. under the aegis of Festival of India. This exhibition has been particularly conceived to highlight